HUNTSMAN

Enriching lives through innovation

ईमानदारी

ईटेग्रिटी

सम्मान

जिम्मेदारी

HUNTSMAN में काम करना • विक्रेता आचरण संहिता

समीक्षा

Huntsman ने अपने व्यवसाय से संबंधित उन रीतियों के लिए आचरण मानक स्थापित किए हैं जिनका उल्लेख हमारी व्यवसाय आचरण दिशानिर्देशों में किया गया है। ये Huntsman व्यवसाय आचरण दिशानिर्देश ("दिशानिर्देश") ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, सम्मान और उत्तरदायित्व के हमारे मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में प्रदर्शित होते हैं। Huntsman उम्मीद करती है कि इसके विक्रेता इन मूल्यों और साथ ही नियामक अनुपालन संबंधी हमारी प्रतिबद्धता को साझा करेंगे और उसे स्वीकार करेंगे।

Huntsman के साथ या उसकी ओर से व्यवसाय करते हुए, जबकि विक्रेता Huntsman से स्वतंत्र संस्थाएं हैं, लेकिन व्यवसाय पद्धतियाँ और विक्रेता के कार्य हमारी कंपनी को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं और उस पर परिलक्षित हो सकते हैं। इस कारण से, Huntsman सारे विक्रेताओं और अपने कर्मचारियों, एजेंटों एवं उप-ठेकेदारों ("प्रतिनिधियों") से अपेक्षा करती है कि वे हमारे साथ या हमारी ओर से व्यवसाय करते हुए, इन दिशानिर्देशों में उल्लिखित हमारे उच्चतम नैतिक मानकों का पालन करें।

यह हमारे विक्रेताओं और प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे Huntsman की अपेक्षाओं को समझें और उनका पालन करें। यदि और जब भी कोई ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाए जो विक्रेता या प्रतिनिधि को Huntsman की अपेक्षाओं से टकराव रखने वाली स्थिति में काम करने के लिए बाध्य कर दे तो विक्रेताओं को Huntsman प्रबंधक-वर्ग के किसी सदस्य को सूचित करना चाहिए। Huntsman किसी भी उस विक्रेता या प्रतिनिधि को हटाने का अनुरोध कर सकती है जो इस प्रकार से व्यवहार करता है जिसे हम इन दिशानिर्देशों या Huntsman की किसी नीति के प्रतिकूल काम करता हुआ मानें।

विक्रेताओं और प्रतिनिधियों का प्रत्याशित आचरण

Huntsman के साथ या की ओर से व्यवसाय करते हुए, सभी विक्रेताओं और प्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने से संबंधित देशों के लागू कानूनों और विनियमों का पालन करते हुए तथा सत्यनिष्ठा के साथ व्यवसाय अंत:क्रिया और गतिविधियाँ करेंगे। Huntsman अपने विक्रेताओं और प्रतिनिधियों से आशा करती है कि वे मानवाधिकारों और कार्यस्थल में समान अवसर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को साझा करेंगे। Huntsman के साथ विक्रेता के करार के तहत बाध्यताओं के अलावा, सभी विक्रेताओं और प्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे हमारे नैतिक मानदंडों का पालन करें जिनमें नियामक अनुपालन, व्यवसाय रीतियों और रोजगार के क्षेत्रों में अपेक्षित आचरण शामिल है। इन अपेक्षाओं का सारांश इस दस्तावेज में नोट किया गया है।

Huntsman व्यवसाय आचरण दिशानिर्देशों का पूरा पाठ्य www.huntsman.com पर देखा जा सकता है।

I. अपेक्षित नियामक अनुपालन रीतियाँ

विक्रेताओं और उनके प्रतिनिधियों से निम्नलिखित की अपेक्षा की जाती है:

- उन स्पर्धारोधी और निष्पक्ष प्रतियोगिता संबंधी कानूनों का पालन करते हुए व्यवसाय करना जो उनके व्यवसाय करने के क्षेत्र को प्रशासित करते हैं;
- जिन देशों में वे व्यवसाय करते हैं उनके भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का पालन करना;
- किसी अन्य व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति को उसे प्रभावित करने के इरादे से, कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भुगतान, प्रस्तावित भुगतान, सुविधाएं प्रदान करने वाले भुगतान या किसी मूल्यवान वस्तु की पेशकश न करना जो सरकार या किसी सार्वजनिक एजेंसी का कर्मचारी है;
- पर्यावरण संबंधी समस्त लागू कानूनों और विनियमों का पालन करना;
- नियामक एजेंसी के प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श में ईमानदार और सच्चे रहना;
- उन सभी लागू व्यापार नियंत्रण कानूनों का पालन करना जो Huntsman प्रचालनों के विभिन्न पहलुओं पर लागू होते हैं; और
- Huntsman पर अनुपयुक्त बहिष्कार आवश्यकताएँ न थोपना।

II. अपेक्षित व्यवसाय रीतियां

विक्रेताओं और उनके प्रतिनिधियों से निम्नलिखित की अपेक्षा की जाती है:

- व्यवसाय संबंधी सभी सूचनाओं को ईमानदारी से और सटीकता से रिकॉर्ड और रिपोर्ट करना और उनकी संपूर्णता एवं सटीकता के बारे में सारे लागू कानूनों का पालन करना;
- Huntsman के बौद्धिक संपदा स्वामित्व अधिकारों तथा पेटेंट, ट्रेडमार्क और व्यापारिक रहस्यों संबंधी अधिकारों का पालन करना और सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और विषय-वस्तु को उनसे सम्बद्ध लाइसेंस या प्रयोग की शर्तों के अनुसार ही इस्तेमाल करना;

- Huntsman की भौतिक और बौद्धिक संपदा की रक्षा करना और जिम्मेदार तरीके से इस्तेमाल करना;

  ऐसी परिसंपत्तियों का इस्तेमाल तभी करना जब Huntsman ने ऐसा करने के लिए अधिकृत किया हो;

  Huntsman द्वारा प्रदत्त सूचना प्रौद्योगिकी और प्रणालियों (ईमेल सहित) का मुख्य रूप से Huntsman के व्यवसाय से संबंधित प्रयोजनों के लिए और Huntsman की लागू नीति के अनुसार इस्तेमाल करना;

  Huntsman की नीति विक्रेताओं और प्रतिनिधियों को Huntsman द्वारा प्रदत्त परिसंपत्तियों, प्रौद्योगिकी या प्रणालियों का किसी ऐसी सामग्री का सृजन करने, एक्सेस करने, भंडारित, प्रकाशित करने, आग्रह करने या भेजने से प्रतिबंधित करती है जो प्रताड़ित, भेदभाव करने वाली, अपमानजनक, हिंसा की धमकी देने वाली या ऐसी ही अनुपयुक्त या गैर कानूनी हो।

- पासवर्ड, गोपनीयता और सुरक्षा बनाने रखने की Huntsman की अपेक्षाओं का पालन करें और Huntsman के आंतरिक कॉर्पोरेट नेटवर्क, प्रणालियों और भवनों तक पहुँच बनाने की शर्त के रूप में इसकी गोपनीयता प्रक्रियाओं का पालन करे।

- Huntsman के सहयोगियों को उपहार या मनोरंजन प्रदान करते समय अच्छे निर्णय और मितव्ययता का इस्तेमाल करना;

  सामान्य रूप से, विक्रेताओं और प्रतिनिधियों को Huntsman के सहयोगियों को $50 USD से अधिक मूल्य वाला कोई व्यक्तिगत उपहार देने या 12 महीनों की लुक–बैक अवधि में $125 USD से अधिक मूल्य वाले उपहार संग्रहों को देने से बचना चाहिए।

  विक्रेताओं और प्रतिनिधियों को कभी भी Huntsman के व्यवसाय को हासिल करने या बनाए रखने की दृष्टि से, Huntsman के किसी सहयोगी को रिश्वत, किकबैक, या न ही वस्तुओं या सेवाओं या किसी अन्य प्रलोभन के लिए अदला–बदली की व्यवस्था करनी चाहिए।

  प्रदान या हासिल किया गया कोई भी उपहार या मनोरंजन कानून के अनुसार होना चाहिए, और इसे Huntsman की नीति का उल्लंघन नहीं करना चाहिए।

- वास्तविक हित के टकराव या हित के टकराव के आभास से भी बचना चाहिए।

  विक्रेताओं या प्रतिनिधियों को बातचीत के दौरान या अन्यथा Huntsman के ऐसे किसी सहयोगी के साथ प्रत्यक्ष रूप से समझौता या अन्यथा नहीं करना चाहिए जिसका पति या पत्नी या परिवार का कोई अन्य सदस्य या कोई अन्य निकट संबंधी विक्रेता के व्यवसाय में कर्मचारी है या विक्रेता में उसकी निजी अथवा वित्तीय दिलचस्पी है।

- जब Huntsman या किसी अन्य कंपनी के बारे में कोई ऐसी सूचना आपके अधिकार में हो जो निवेश करने के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है और जो स्टॉक खरीदने या बेचने के निवेशक के निर्णय को प्रभावित कर सकती हो तो Huntsman या अन्य कंपनी स्टॉक को बेचने या खरीदने वाले अनधिकृत व्यापार से बचना चाहिए; और

- व्यावसायिक रिकॉर्डों का समस्त लागू कानूनी और नियामक अपेक्षाओं के अनुसार सृजन करें, बनाए रखें और निपटान करें।

III. अपेक्षित रोजगार रीतियाँ

विक्रेताओं और उनके प्रतिनिधियों से निम्नलिखित की अपेक्षा की जाती है:

- यौन संबंधी या अन्य प्रताड़नाओं एवं भेदभाव से मुक्त कार्यस्थल प्रदान करने की Huntsman की प्रतिबद्धता में सहयोग करना;
- सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर कार्य वातावरण प्रदान करना और स्वास्थ्य संबंधी लागू कानूनों, विनियमों और रीतियों का पालन करना;
- Huntsman के स्वामित्व वाली या पट्टे की संपत्ति पर गैरकानूनी दवाओं के इस्तेमाल, अधिकार, वितरण और बिक्री का निषेध करना;
- केवल स्वैच्छित श्रम का इस्तेमाल करना, बंधुआ श्रम के इस्तेमाल का निषेध है, भले ही वह अनुबंध वाले श्रम के रूप में या अन्यथा हो;
- मजदूरी और मजदूरी की न्यूनतम आय संबंधी सारे स्थानीय नियमों और अपेक्षाओं का पालन करना; बाल श्रम का इस्तेमाल करने की मनाही है; और
- स्थानीय और राष्ट्रीय विनियमों के अनुसार कर्मचारी रिकॉर्ड बनाए रखना।

सरोकारों की सूचना देना और सहायता का अनुरोध करना

यदि विक्रेता या प्रतिनिधि का किसी विशेष स्थिति के बारे में कोई प्रश्न है या उसे किसी समस्या या सरोकार के बारे में रिपोर्ट करनी है तो उन्हें व्यवसाय रीति या अनुपालन संबंधी सरोकार को सुलझाने के लिए अपने प्राथमिक Huntsman संपर्क के साथ कार्य करने को प्रोत्साहित किया जाता है। फिर भी Huntsman इस बात को मान्यता देती है कि ऐसे समय हो सकते हैं जब यह संभव या उपयुक्त न हो। ऐसी स्थितियों में, कोई विक्रेता या प्रतिनिधि निम्नलिखित कार्य कर सकता है:

- Huntsman आचारनीति और कॉर्पोरेट अनुपालन विभाग से +1.281.719.6000 पर संपर्क करें।
- Speak Up हैल्पलाइन से संपर्क करें जिस पर www.huntsman.com/speakup पर पहुंचा जा सकता है, या,
- Huntsman आचारनीति और कॉर्पोरेट अनुपालन विभाग को ethics@huntsman.com पर ईमेल भेजें।

Huntsman किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोध को सहन नहीं करती है। जो कोई भी नेकनीयती के साथ किसी कानून या नीति के संदिग्ध उल्लंघन की रिपोर्ट करता है, उसके खिलाफ ऐसी रिपोर्ट करने के लिए प्रतिशोध नहीं लिया जाएगा। नेकनीयती का अर्थ है कि सारी सूचनाओं के साथ सामने आने वाले व्यक्ति को विश्वास है कि वह व्यक्ति गंभीर, सच्ची और पूरी रिपोर्ट दे रहा है।

HUNTSMAN

Enriching lives through innovation

Global headquarters
Huntsman Corporation
10003 Woodloch Forest Drive
The Woodlands
Texas 77380
USA
Telephone +1 281 719 6000
Fax +1 281 719 6416

www.huntsman.com

Copyright © 2017 Huntsman Corporation or an affiliate thereof. All rights reserved.

The use of the symbol ® herein signifies the registration of the associated trademark in one or more, but not all, countries.